तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **चैनाराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार भू.अ. पीपाडशहर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 60 / 2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27-04-2022	अपीलार्थी चैनाराम पुत्र जगदीशराम जाट, पता ग्राम जवासीया तहसील पीपाड़शहर जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 04.02.2022 में (1) सुखाराम पुत्र पेमाराम सुथार निवासी जवासीया तहसील पीपाड़शहर द्वारा एक शिकायतपत्र जांच बाबत् दिनांक 16.01.2020 को अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर को पेश किया गया था जिस पर उक्त कार्यालय द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र पर सीधे ही कार्यवाही करते हुए पत्र कमांक 836 दिनांक 20.01.2020 के द्वारा तहसीलदार (भू.अ.) पीपाड़शहर को नियमानुसार जांकर जांच रिपोर्ट मांगी गई, उक्त शिकायत पत्र पर जांच बाबत् में आज दिनांक तक की प्रगति रिपोर्ट की सूचना सत्यापित प्रति व अन्य बिन्दु, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार पीपाड़शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार पीपाड़शहर) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़शहर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस [illegible] उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाये। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 17:35:28 IST
Reason: SelfAttested